University in News on 13 November 2024

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

स्थापना दिवस के लिए समितियां गठित

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में 25 नवंबर को होने वाले 104वें स्थापना दिवस के आयोजन को लेकर 10 समितियों का गठन किया गया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की मंजूरी के बाद कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी पत्र के अनुसार समिति में सभी संकाय के डीन व विभागाध्यक्ष शामिल होंगे। मंच सज्जा समिति की अध्यक्षता प्रो. संगीता साहू करेंगी। मुद्रण समिति में प्रो. मुकुल श्रीवास्तव, सांस्कृतिकी समिति में प्रो. अंचल श्रीवास्तव, स्वागत समिति में प्रो. मनुका खन्ना, वॉलंटियर समिति में प्रो. अनूप कुमार, अनुशासनात्मक समिति में प्रो. राकेश द्विवेदी, परिसर सज्जा में प्रो. डीके सिंह, अल्पाहार में प्रो. ओपी शुक्ला और तकनीकी समिति की अध्यक्षता प्रो. पुनीत मिश्रा करेंगे। विवि के प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव आयोजन सचिव होंगे। (संवाद)

i-NEXT PAGE 4

स्थापना दिवस के लिए बनीं 10 कमेटियां

लखनऊ विश्वविद्यालय 25 नवंबर को अपना 104वां स्थापना दिवस मनाएगा. इसको लेकर तैयारियां चल रही हैं. मंगलवार को विश्वविद्यालय ने आयोजन के लिए 10 कमेटियां गठित कर दी. इनमें आयोजन, मंच सज्जा, सांस्कृतिकी, स्वागत, अनुशासन, तकनीकी सहित अन्य कमेटियां शामिल हैं. कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने इस संबंध में पत्र जारी किया है.

HINDUSTAN PAGE 7

एलयू: स्थापना दिवस के लिए 10 समितियां गठित

तैयारी

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में होने वाले 104वें स्थापना दिवस समारोह को लेकर 10 समितियों का गठन किया गया है। इस संबंध में कुलसचिव की ओर से आदेश भी जारी किया गया है। जिसकी सूची विवि की वेबसाइट पर अपलोड है।

कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि आयोजन, मंच सज्जा, मुद्रण, सांस्कृतिकी, अनुशासनात्मक, परिसर साज सज्जा, स्वल्पाहार और तकनीकी समिति गठित की है।समिति में संकायाध्यक्ष, डीएसडब्ल्यू, अधिष्ठाता अकादमिक, अधिष्ठाता शोध, अधिष्ठाता महाविद्यालय विकास समिति, कुलसचिव या परीक्षा नियंत्रक, वित्त अधिकारी, कुलानुशासक, आयोजन सचिव डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव समेत अन्य हैं। जबकि मंच सज्जा समिति की संयोजक डीन मैनेजमेंट प्रो. संगीता साहू को बनाया गया है। उनके साथ भौतिक विज्ञान विभाग के डॉ. मनोज शर्मा, संस्कृत एवं प्राकृत भाषा विभाग की डॉ. भुवनेश्वरी भारद्वाज और व्यापार प्रशासन की डॉ. निमिषा कपूर हैं।

JAGRAN CITY PAGE III

लवि : स्थापना दिवस के लिए बनी 10 कमेटियां

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय 25 नवंबर को अपना 104वां स्थापना दिवस मनाएगा। इसको लेकर तैयारियां चल रही हैं। मंगलवार को विश्वविद्यालय ने आयोजन के लिए 10 कमेटियां गठित कर दीं। इनमें आयोजन, मंच सज्जा, सांस्कृतिकी, स्वागत, अनुशासन, तकनीकी सहित अन्य कमेटियां शामिल हैं।